# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | द्वितीय (बजट) सत्र
संख्या-03 | मंगलवार, दिनांक-03 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.33 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री अमर कुमार बाउरी ने दिनांक-02.03.2020 को राँची शहर में हुई हत्या के कारण विधि-व्यवस्था ठीक किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य अपनी पूर्व की माँगों को लेकर सदन की वेल में आ गये।)

### 1. प्रश्नकाल:-

आसन द्वारा प्रश्नकाल के तहत अ०सू०-13, माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल एवं अ०सू०-14, श्री राज सिन्हा को पुकारा गया, परन्तु अव्यवस्था के कारण उनके द्वारा प्रश्न नहीं पूछे जा सके।

इस क्रम मे विपक्ष के माननीय सदस्य वेल मे नारेबाजी करने लगे जिसके विरोधस्वरूप सत्तापक्ष के सर्वश्री उमाशंकर अकेला, रामचन्द्र सिंह, दिनेश विलियम मराण्डी, सुदिव्य कुमार, इरफान अंसारी, रामदास सोरेन आदि भी सदन की वेल मे आ गये, लेकिन आसन के अनुरोध पर सत्तापक्ष के सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले गये।

उक्त अव्यवस्था की स्थिति पर आसन द्वारा भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि उनके विषय मे न्यायिक प्रक्रिया जारी है, न्याय अवश्य ही मिलेगा।

### 2. आसन से सूचना:-

आसन द्वारा निम्न सूचना सदन को दी गयी:-

"दो दिनों से व्याप्त गतिरोध के चलते सदन के कार्य संचालन मे हो रही कठिनाईयों को दूर करना झारखण्ड की सवा तीन करोड़ जनता के व्यापक हित में अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है। मैने महसूस किया है कि मेरे कार्यालय कक्ष में एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस मामले का सम्यक् समाधान सुनिश्चित कराया जाय ताकि प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, शून्यकाल की सूचनाओं के साथ-साथ इस बजट सत्र मे प्रस्तुत होनेवाली अनुदान माँगो पर सार्थक चर्चा हो सके। जनता से जुड़ी जो समस्यायें है वो सरकार के सामने लायी जा सकें और उनका समुचित समाधान हो सके। इस उद्देश्य से मैने यह निश्चित किया है कि आज ही मेरे कार्यालय कक्ष मे एक सर्वदलीय बैठक आयोजित हो। उक्त आलोक मे मै निम्नांकित माननीय सदस्यों की बैठक तुरन्त आहूत करना चाहता हूँ-

क्र०पृ०उ०

1. श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मुख्यमंत्री,
2. श्री आलमगीर आलम, संसदीय कार्यमंत्री,
3. श्री सत्यानन्द भोक्ता, माननीय मंत्री,
4. श्री स्टीफन मराण्डी, माननीय सदस्य,
5. श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय सदस्य,
6. श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, माननीय सदस्य,
7. श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, माननीय सदस्य,
8. श्री अनन्त कुमार ओझा, माननीय सदस्य,
9. श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य,
10. श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय सदस्य,
11. श्री कमलेश कुमार सिंह, माननीय सदस्य,
12. श्री सरयू राय, माननीय सदस्य,
13. श्री विनोद कुमार सिंह, माननीय सदस्य,
14. श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता, माननीय सदस्या।

मै आप सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूँ कि आप मेरे कार्यालय कक्ष मे उपस्थित हो।'' तदुपरांत सदन की कार्यवाही 11.15 बजे पूर्वा० में 20 मिनट के लिये स्थगित कर दी गई।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने आसन का ध्यान राँची मे आयोजित हुनर हाट की ओर आकृष्ट करते हुए आग्रह किया कि केन्द्र सरकार द्वारा सीधे इसका आयोजन कर लिया गया है, इसे माननीय मुख्यमंत्री जी को संज्ञान में लेना चाहिए जिसे माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संज्ञान मे लिया गया।

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्य पुनः सदन की वेल में आकर धरने पर बैठ गये और अपनी माँगों के समर्थन मे नारेबाजी करने लगे।)

## 3.वित्तीय कार्य:-

आसन से पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री(वित्त), श्री रामेश्वर उराँव द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 आय-व्ययक का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया तत्पश्चात् माननीय मंत्री ने इसपर अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया।

(इस अवसर पर प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।)

माननीय प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम राज्य के उन सपूतों को नमन किया जिन्होंने राज्य क निर्माण मे अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया जिनमे बिरसा-मुण्डा, सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव, वीर बुधू भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, तेलंगा खड़िया, जतरा टाना भगत, पांडे गणपत राय, तिलका माँझी और शेख भिखारी प्रमुख है। माननीय अध्यक्ष महोदय को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने निम्न पंक्तियाँ उद्धृत की-

आज तिरंगा फहराता है, अपनी पूरी शान से,
हमें मिली आजादी वीर शहीदों के बलिदान से।
आजादी के लिए हमारी लम्बी चली लड़ाई थी,
लाखों लोगों ने प्राणों से कीमत बड़ी चुकाई थी।

क्रमशः पृ० उ०

इसके बाद उक्त बजट मे प्रावधानित अंके-86,370/- करोड़ रुपये के तहत राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय का उल्लेख करते हुए कृषि, सिंचाई, ग्रामीण-विकास, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन, खेलकूद, संस्कृति, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शहरी विकास, परिवहन, पथ, ऊर्जा, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के तहत खर्च होनेवाली राशियों का विस्तार से उल्लेख किया गया।

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री सुदेश कुमार महतो द्वारा बजट को संतोषजनक नहीं बताया गया।)**

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों को संसूचित किया गया कि विधान सभा परिसर स्थित उत्तरी लॉबी मे दिन के भोजन की व्यवस्था की गयी है जिसमे वे सादर आमंत्रित है तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-04.03.2020 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द प्रसाद,<br>सचिव,<br>झारखण्ड विधान सभा।

राँची,<br>दिनांक- 03मार्च, 2020ई०।